## सार-समाचार

### हंसदास मठ पर दुर्गा सप्तशती पाठ



**इंदौर** । एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित हंसदासमठ परिसर में मठ के अधिष्ठाता श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे नवरात्रि महोत्सव में मंगलवार को सुबह 11 विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तशती के पाठ के पश्चात कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें दक्षिणा एवं उपहार भेंट किए गए। मठ के पं. अमित दास महाराज ने बताया कि मठ पर पहले दिन से ही दुर्गा सप्तशती का पाठ जारी है। आज विद्वानों के निर्देशन में अभिषेक, पूजा के बाद मां अन्नपूर्णा, मां गायत्री एवं मां सरस्वती का मनोहारी श्रृंगार किया गया।

### अन्नपूर्णा मंदिर पर उमड़ रहा भक्तों का सैलाब



**इंदौर** । शहर के प्रमुख आस्था केन्द्र अन्नपूर्णा आश्रम पर शक्ति आराधना के महापर्व के उपलक्ष्य में गत 21 सितम्बर से चल रहे नवरात्र महोत्सव की पूर्णाहुति गुरूवार, 2 अक्टूबर को आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य में होगी। मंदिर के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि ने बताया कि आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में चल रह शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति गुरुवार, 2 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होगी। बुधवार को नवमीं के उपलक्ष्य में मंदिर पर मां गायत्री , मां अन्नपूर्णा एवं मां महाकाली का विशेष श्रृंगार कर पुष्पों से आच्छादित किया जाएगा।

### कांटाफोड़ मंदिर पर आज पूर्णाहुति- कन्या पूजन



**इंदौर।** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर चल रहे नवरात्रि महोत्सव की पूर्णाहुति बुधवार, 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होगी। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि मंदिर पर चल रहे महायज्ञ की पूर्णाहुति और हवन-पूजा के पश्चात कन्या भोज एवं कन्या पूजन भी होगा।

### दुर्गा माता जी का भव्य श्रृंगार



**इन्दौर।** गौराकुडं चौराहा स्थित दुर्गा माताजी के मंदिर पर अष्टमी के शुभ दिन पर दुर्गा माता जी का भव्य श्रृंगार पंडित मनोहरजी त्रिवेदी द्वारा किया गया और अष्टमी के शुभ अवसर पर हवन किया गया ।

### मकान मालिक पर हमला

**इंदौर।** शोर मचाने से रोकने पर किरायेदार ने मकान मालिक पर ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने केशव नगर निवासी शाहरुख पिता गुल मोहम्मद की शिकायत पर उसके किराएदार हनीफ के खिलाफ केस दर्ज किया है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे घर मे किराये से रहने वाला हनीफ तेज आवाज मे शोर कर रहा था। इसपर मै समझाने के लिए गया कि चिल्ला चोट क्यो कर रहा है तो वह गालियां देने लगा।जब मैने गालियां देने से मना किया तो हनीफ ने ईंट का टुकडा उठाकर मेरे माथे पर मार दिया जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा और बोला कि आईन्दा मुझसे कुछ कहा तो जान से खत्म कर दूंगा ।

### पिता ने देवास दर्शन जाने से रोका, बेटे ने सीने में मार दिया पेचकस

**इंदौर (नगर संवाददाता)**।एक व्यक्ति ने जब अपने बेटे को भतीजे के साथ देवास माता दर्शन करने जाने से रोका तो बेटा भडक़ गया और अपने ही पिता पर हमला कर दिया ।पेचकस से पिता के सीने पर वार किया जिससे वह जख्मी हो गए ।पुलिस के मुताबिक घटना मार्तंड नगर की है।फरियादी चन्दर ठाकुर की शिकायत पर उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि रात्री के समय मेरा बेटा मेरे भतीजे के साथ देवास वाली माताजी के दर्शन करने के लिये जा रहा था।मैने जाने से मना किया। इसी बात को लेकर बेटे ने गालियां देते हुए पास में पडा पेचकस उठाकर मेरे सीने पर दे मारा जिससे मुझे सीने पर चोट लगी है।बाद में बेटा जाते-जाते बोल रहा था कि आइन्दा मुझे देवास वाली माताजी के दर्शन के लिये जाने से रोका तो जांन से खत्म कर दूंगा ।

### महिला से छेड़छाड, समझाने गए पति और जेठ पर हमला

**इंदौर (नगर संवाददाता)**।एक महिला के साथ एक बदमाश ने सरेराह छेड़छाड़ कर दी।इस घटना के बाद जब महिला का पति और जेठ आरोपी को समझाने गए तो उसने उन पर हमला कर दिया।एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना धर्मराज कॉलोनी की है।मामले में 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी महेंद्र उर्फ चिंटू पिता बंशीलाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी सहेली के साथ किसी काम से जा रही थी। उसी दौरान आरोपी बुरी नीयत से मेरा पीछा करते हुए कुछ दूर तक आया। फिर मेरा रास्ता रोक लिया और हाथ पकड़ लिया।बोला कि तू बहुत अच्छी लगती है।मैं चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया।यह घटना मैंने अपने पति और जेठ को बताई।जब पति और जेठ आरोपी को समझाने गए तो उसने गालियां दी और मारपीट कर दी।

# भक्ति स्थलों पर पहरा दे रही पुलिस की शक्ति मोबाइल

## गर्भवती महिला की मदद के साथ ही 10 गुम नाबालिक बालक/बालिकाओं को भी परिजनों से मिलाया

**इंदौर(मनीष शर्मा)।**

गरबा पंडालों व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओं की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भक्ति स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस बल सहित 13 शक्ति मोबाइल संचालित की जा रही है। जो नवरात्री पर्व के दौरान प्रतिदिन गरबा पांडाल आदि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आसपास लगातार पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों व संदिग्धों पर कड़ी नजर रख रही हैं।विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर पुलिस की विभिन्न शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा पेट्रोलिंग के तहत कार्यवाही करते हुए, गरबा पंडालों व आसपास से गुम हुए अब तक कुल 10 नाबालिक बालक/बालिकाओं को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाकर, उनके चेहरे की मुस्कान लौटाई है। साथ ही गरबा पंडालों, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों तथा भक्ति स्थलों पर पेट्रोलिंग की जाकर आसामाजिक एवं संदिग्धों कड़ी निगरानी के तहत चेकिंग करते हुए 6 संदिग्धों को पकड़ा गया है। जिनमे एक चाकूबाज भी अवैध चाकू के साथ धराया है, और छेड़खानी करने वाले एक मनचले को भी पकड़ा है, तथा गरबा पांडलो के आसपास शराब पीकर घूमने वाले 4 वाहन चालकों को भी पकडकर धारा 185 के तहत कार्यवाही करवाई है।

गर्भवती महिला की समय पर मदद- 25 सितम्बर को बिजासन मंदिर के पास तेज बारिश मे एक दंपत्ति की मोटरसाइकिल खराब हो जाने पर, गर्भवती महिला एवं पति की मदद कर सुरक्षित घर पहुचाया।

अपहृत बालिका की बरामदगी - उत्तर प्रदेश के थाना मुंडेरवा से अपहृत नाबालिक बालिका एवं कालापीपल शाजापुर से अपहृत बालिका, शक्ति मोबाइल टीमो को मिलीं, जिनके संबंध में उक्त जिलों के सबंधित थानों से संपर्क कर, उचित वैधानिक कार्यवाही की गई।



गुम बच्चों को परिजनों से मिलाया - शहर के विभिन्न गरबा पांडलो मे गुम हुए 10 नाबालिक बालक/बालिकाओं को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाया।

आसामाजिक तत्वों पर कार्यवाही - विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आसामाजिक तत्वों की चैकिंग करते हुए एक चाकूबाज, एक मनचला और शराब पीकर घूमने वाले वाहन चालको पर धारा 185 के तहत कार्यवाही सहित कुल 6 आसामजिक तत्वों पर कार्यवाही की गई है। गुम मोबाइल दिलाया वापस- अभिव्यक्ति गरबा पंडाल मे महिला का गुम मोबाइल ढुंढकर सुपुर्द किया गया।

चैकिंग, पेट्रोलिंग के साथ जागरुकता भी- शक्ति मोबाइल की सभी टीमो द्वारा भक्ति स्थलों के आसपास पेट्रोलिंग के साथ ही लोगों को महिला अपराधों व सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए, डॉयल-112 के साथ ही पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन के बारे मे जानकारी देकर जागरुकता लाई जा रही हैं।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। गत रात अज्ञात आरोपी ने दुकान में घुसकर नगदी सहित हजारों का सामान उड़ा लिया था।

यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात किशनगंज क्षेत्र में शांति नगर चौराहे पर रविवार देर रात एक दुकान में हुई। पुलिस ने दुकानदार अक्षय पाटिल की सूचना पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है । फरियादी ने पुलिस को बताया कि रविवार रात वे दुकान बंद कर घर गए थे। सुबह जब दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और शटर ऊपर उठा हुआ था। अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखे करीब ढाई हजार रुपए भी गायब थे। फरियादी ने पुलिस को बताया कि रविवार को ही करीब 50 हजार रुपए से अधिक का सामान दुकान में भरा था। अज्ञात बदमाश ने नकदी सहित परफ्यूम, सिगरेट के पैकेट और अन्य हजारों का सामान चुरा लिया । दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाश की करतूत कैद हो गई । पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। जांच में पुलिस को कुछ सुराग हाथ लगे हैं। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## परिचितों ने अगवा कर करवाया गर्भपात

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक विवाहित महिला का उसके ही परिचित दो आरोपियों ने अपहरण कर लिया और फिर जबरन उसका गर्भपात करा दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। बताते है कि पीड़िता के पति ने 11 सितंबर को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि वह अपने परिचित युवक बृजेश पिता सरवन सिंह निवासी डागरा खेड़ा और उसके दोस्त लोकेश पिता किशोर के साथ थी। पीड़िता ने दिए बयान में बताया कि 6 सितंबर को पति ने मानवता नगर में भाई के पास छोड़ दिया था। 11 सितंबर की सुबह वह दूध लेने निकली थी तभी दोनों आरोपियों से अपने साथ मोटरसाइकिल से दूधिया गांव ले गए । जहां उसे एक कमरे में रखा इसके बाद बृजेश उसे अपने साथ डागरा खेड़ा ले गया। महिला ने पुलिस को बताया कि बृजेश उससे शादी करना चाहता था लेकिन उसने बताया कि वह तीन माह की गर्भवती है। इसी दौरान उसे पेट में दर्द हुआ तो बृजेश ने दवा दी जिसे खाने के बाद गर्भपात हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है केस दर्ज किया है।

## चेन्नई में दर्दनाक हादसा, अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत का हिस्सा ढहा; 9 मजदूरों की मौत

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा ढहने के बाद बड़ा हादसा हो गया। कम से कम 9 मजदूरों की दबकर मौत हो गई है। वहीं कई मजदूर घायल भी हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया है फिलहाल प्रशासन मौके पर पहुंच गया है और रेस्क्यू का काम शुरू कर दिया गया है।



घटना तिरुवल्लूर के एन्नोर थर्मल पावर प्लांट में निर्माण कार्य के दौरान हुआ है। बिल्डिंग का एक आर्च अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में कई प्रवासी मजदूर आ गए। न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 4 मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं 5 अन्य मजदूरों ने इलाज के दौरान पास के अस्पताल में दम तोड़ दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए कई अन्य लोगों का इलाज जारी है। तमिलनाडु विद्युत बोर्ड के सचिव डॉ. जे. राधाकृष्णन और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने घायल हुए मजदूरों से मिलने के लिए स्टेनली सरकारी अस्पताल का दौरा किया है। अधिकारियों के मुताबिक हादसा तब हुआ पीड़ित मजदूर पावर प्लांट में चल रहे निर्माण कार्य में लगे हुए थे। तभी बिल्डिंग का आर्च का ढांचा ढह गया और वे उसके नीचे दब गए। अवाडी पुलिस आयुक्तालय ने एक बयान में कहा है घटना के कारणों का पता फिलहाल नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया, उत्तरी चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन के निर्माण स्थल पर आज एक दुखद दुर्घटना घटी। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार 10 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पीड़ितों को उत्तरी चेन्नई के स्टेनली सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बचाव अभियान जारी है और अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## मालिकहेड़ी हादसे में तीन मासूमों की मौत

### समाजसेवी कृष्णपाल सिंह चौहान ने दिलाई 4-4 लाख की आर्थिक मदद

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के *माली खेड़ी टेकरी ग्राम पंचायत बड़िया किमा* में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ। पानी से भरे गड्ढे में नहाने गए तीन मासूम बच्चे डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और शोक की लहर दौड़ गई।



सूचना मिलते ही समाजसेवी कृष्णपाल सिंह चौहान और राउ विधायक प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह चौहान तुरंत सक्रिय हुए। उन्होंने घटना की जानकारी *खुड़ैल व कनाडिया थानों* को दी और तत्काल बचाव कार्य शुरू करवाया। पुलिस व बचाव दल मौके पर पहुँचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कुछ ही देर में तीनों बच्चों के शव बरामद किए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए समाजसेवी कृष्णपाल सिंह चौहान ने तुरंत क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा से बातचीत की। विधायक के निर्देश पर एसडीएम को मौके पर बुलाया गया और पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता* दिलाने की घोषणा करवाई गई। इस पहल से शोकग्रस्त परिवारों को तत्काल राहत मिल सकी।

## जिलाबदर बदमाश पुलिस गिरफ्त में

**इंदौर।** पुलिस थाना परदेशीपुरा द्वारा कुख्यात बदमाश श्रवण गंगापरी को जिला बदर अवधि का उल्लंघन करते थाना क्षेत्र से पकड़ा है। पुलिस थाना परदेशीपुरा की टीम को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि क्षेत्र का कुख्यात जिलाबदर बदमाश श्रवण गंगापरी जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करते हुए हनुमान मंदिर कल्याण मिल मैदान के पास में घूम रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बदमाश को पकड़ा। जिसने पूछताछ पर अपना नाम श्रवण पिता सुरेश गंगापरी उम्र 35 साल निवासी 459 कुलकर्णी का भट्टा इंदौर बताया। आरोपी क्षेत्र का शातिर बदमाश हैं जिसके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों पर विभिन्न धाराओं के लगभग एक दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं। कुख्यात बदमाश श्रवण गंगापरी की इन्हीं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर द्वारा आरोपी को 6 माह के लिए इंदौर जिले की राजस्व सीमा से जिला बदर किया गया था।आरोपी उक्त अवधि का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में घूम रहा था जिसे पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस द्वारा आरोपी श्रवण गंगापरी के विरुद्ध जिला बदर के उल्लंघन करने से अपराध धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम का दर्ज कर जेल दाखिल कराया गया है ।

## खराब पनीर ने कराया विवाद

**इंदौर ।** खराब पनीर देने की बात पर हुए विवाद में आरोपियों ने दुकानदार को लात-घूंसों से पीट दिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना चौधरी मार्केट निरंजनपुर में हुई। जिसमे घायल के नाम अनुराग चौधरी और ओम प्रकाश चौधरी हैं।

पुलिस ने आरोपी महेंद्र, अर्जुन और टोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने फरियादी को खराब पनीर देने की बात पर गालियां दी और मारपीट कर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी भी दी।

### रिटायर्ड बैंक कर्मी के घर चोरी, लाखों के माल पर हाथ साफ

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** रिटायर्ड बैंक कैशियर के मकान पर धावा बोलते हुए चोर नगदी ज्वेलरी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर गए।घटना के वक्त परिवार माता दर्शन के लिए देवास गया हुआ था। एरोड्रम थाना इलाके के सुविधि नगर में संतोष डामोर के मकान को निशाना बनाते हुए चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। संतोष डामोर रिटायर्ड बैंक कैशियर है।वह कल अपने परिवार के साथ माता दर्शन के लिए देवास गए थे। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर घर का ताला तोडक़र बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जब परिवार वापस लौटा तो घटना का पता चला।बताया जा रहा है कि चोर नगदी जेवरात सहित करीब 4 लाख का माल बटोरकर ले गए।पुलिस द्वारा मामले में चरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## बाइक सवार परिवार को ट्रक ने मारी टक्कर, बच्ची की मौत

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** देवास माता टेकरी से दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार परिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई जबकि दंपति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसा अर्जुन बड़ौदा के समीप कल हुआ। मृतका का नाम प्रतीक्षा परमार (डेढ़ वर्ष) है। बताया गया कि पाटनीपुरा इंदौर निवासी सुनील परमार अपनी पत्नी राधा परमार, बेटा प्रतीक और डेढ़ साल की भतीजी प्रतिष्ठा के साथ बाइक पर सवार होकर देवास स्थित माता टेकरी के दर्शन करने गए थे। वहां से लौटते समय अर्जुन बड़ौदा के समीप सडक़ हादसे का शिकार हो गए। उन्हें तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी । टक्कर लगते बच्ची उछलकर रोड पर दूर जा गिरी थी। पुलिस के मुताबिक हादसे में दंपति और उनका बेटा घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। घायल सुनील परमार एक होटल में वेटर हैं। हादसे के बाद फरार ट्रक चालक की पुलिस तलाश कर रही है।